Reg. No. : ....

Name : ....

SY 2003

SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EQUIVALENCY EXAMINATION, JULY 2025

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off Time : 15 Minutes

सामान्य निर्देश :

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

Score

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें । **(5×1=5)**

1. साही कौन था ?
   (भूत, दादा जी, पूर्वज)
2. टैंक का इतिहास कहाँ लिखा है ?
   (ललाट पर, मुँह पर, छोर पर)
3. पेड़ की विवशता क्या है ?
   (न चलना, न रुकना, न पीना)
4. ''मेरी वसीयत'' निबंध के रचयिता कौन हैं ?
   (जवाहरलाल नेहरू, डॉ. एस. डी. तिवारी, राजेश जोशी)
5. कात्यायनी की कविता का नाम क्या है ?
   (एक टैंक, स्त्री का सोचना एकांत है, बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता)

Score

सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

चीज़ों का बनाते चले जाने के उत्साह में
इतना ज्यादा भर गया चित्र
कि गेंद को रखने की कोई जगह ही
नहीं बची चित्र में
तब समझ आया उन्हें
कि बड़ों ने कैसी-कैसी गलतियाँ की हैं
इस दुनिया को बनाने में ।

6. ये पंक्तियाँ किसकी हैं ? (1)
   (राजेश जोशी, असगर वजाहत, डॉ तुलसीराम)
7. दुनिया को बनाने में बड़ों ने कौन-सी गलती की है ? (2)
8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । (6)

सूचना : 9 से 14 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें । **(4×4=16)**

9. हाइकू पढ़ें और भावार्थ लिखें ।
   महक उठी
   हाइकू फुलवारी
   शब्दों के फूल
10. जीवन-वृत्त पढ़ें और असगर वजाहत के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

जीवन-वृत्त		
नाम	:	असगर वजाहत
जन्म	:	जुलाई 1946
जन्म स्थान	:	फतेहपूर, उत्तर प्रदेश
प्रमुख रचना	:	कैसी आग लगाई
पुरस्कार	:	यू. के. कथा सम्मान

11. सही मिलान करें ।

युद्ध	देखना
दर्प	नारी
निहारना	अहंकार
स्त्री	लड़ाई

Score

12. ये कथन पढ़ें और ''मैं'' के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

''तुम शेर के मुँह में अपनी इच्छा से क्यों जा रहे हो ?''

''और यह बाहर जो रोज़गार का दफ़्तर है ?''

13. वटवृक्ष के नीचे क्या-क्या हैं ?

14. कवितांश पढ़ें और आशय लिखें ।

एक दिन
वह कुछ नहीं कहती अपने
                    एकांत से
कोई भी कोशिश नहीं करती
दुख बाँटने की
बस, सोचती है ।

सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें ।

शुरुआत यदि दादा से ही करूँ तो पिता जी के अनुसार उन्हें एक भूत ने लाठियों से पीट-पीटकर मार डाला था । अपने पाँच भाइयों में पिता जी सबसे छोटे थे । घर में सभी का कहना था कि दादा जी, जिनका नाम जूठन था, गाँव से थोड़ा-सा दूर झाडियों वाले टीले के पास छोटे से खेत में मटर की फसल को देर रात जानवरों से बचाने के उद्देश्य से गए थे । मटर के खेत में उन्हें फली खाता एक साही नामक जानवर दिखाई दिया, क्योंकि रात उजाली थी । दादा जी ने अपनी लाठी से साही पर हमला बोल दिया । लाठी लगते ही साही रौद्र रूप धारण करते हुए अपने लंबे-लंबे कँटीले रोंगटों को फैलाकर अंतर्धान हो गया । घरवालों के अनुसार वह साही नहीं, बल्कि उस क्षेत्र का भूत था । इस प्रकरण के बाद दादा जी खेत से डरकर तुरन्त घर आ गए । इस भूत का किस्सा सारे गाँव में फैल गया । डरकर हर किसी ने उधर जाना बंद कर दिया । सभी कहने लगे कि भूत बदला अवश्य लेगा ।

15. लाठी लगने पर साही ने क्या किया ? (2)

16. गद्यांश का संक्षेपण करें । (6)

सूचना : 17 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । **(3×6=18)**

17. 14 जून विश्व रक्तदान दिवस है । युवा पीढ़ी क्लब के द्वारा रक्तदान शिबिर (Blood Donation Camp) का आयोजन हो रहा है । इसके लिए एक उचित पोस्टर तैयार करें ।

18. अंग्रेज़ी खंड का हिन्दी में अनुवाद करें ।

All my family members love, respect and care for each other. My family teaches us moral values.

(members – सदस्य, respect – आदर, care – देखभाल, each other – एक दूसरे, teach – सिखाना, moral values – नैतिक मूल्य)

Score

19. ''शेर'' कहानी का ''मैं'' और ''उल्लू'' पात्र के बीच की संभावित बातचीत तैयार करें ।
   * उल्लू - समाज की धोखेबाजी का शिकार
   * शेर के छल पर मैं का विरोध
   * दूषित समाज पर व्यंग्य

20. ''यात्री धूप में दूर से चला आ रहा था । गरमी में झुलसा, प्यास से अधमरा और लंबी यात्रा से थका-माँदा ।'' यात्री की उस दिन की डायरी तैयार करें ।

सूचना : 21 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । **(3×8=24)**

21. भारत कंपनी की ओर से एक नया तेल (oil) बाज़ार में आया है । इसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।
   * लंबे और घने बाल
   * नारियल से बना
   * बालों का झड़ना बंद

22. ''मेरी वसीयत'' पाठ पढ़कर उसके बारे में गीता अपनी मित्र को एक पत्र लिखती है । वह पत्र तैयार करें ।

23. सही मिलान करें ।

Account	ऋण
Interest	प्रबंधक
Amount	नकद
Translator	राशि
Copy	खाता
Manager	सूद
Cash	अनुवादक
Loan	प्रतिलिपि

24. 'वृक्षों का महत्व' विषय पर एक लेख तैयार करें ।
   * वृक्ष - प्रकृति का वरदान
   * वृक्ष - संरक्षण की आवश्यकता
   * वृक्ष - जीवनदाता